# राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लिए मूँगफली की अनुशंसित उन्नत किस्में

राजस्थान और उत्तर प्रदेश में मूँगफली की खेती मुख्यत: खरीफ ऋतु में की जाती है। लेकिन कुछ स्थानों पर मूँगफली की खेती ग्रीष्म ऋतू में भी की जाती है। मूँगफली के पौधे की वृद्धि-प्रतिरुप के अनुसार इसकी किस्मों को अलग-अलग वानस्पतिक समूह में विभाजित किया गया है। वर्जिनिया रनर किस्में जमीन की उपरी सतह के सामानांतर वृद्धि करती हैं अत: ये किस्में 'फैलने वाली' या 'विस्तारी' कहलाती हैं। वर्जिनिया बंच किस्मों को 'अर्द्ध फैलने वाली' या 'अर्द्ध विस्तारी' कहते हैं तथा स्पेनिश बंच किस्में कम फैलने वाली होती हैं क्यो की इन किस्मों के पौधों की शाखाएं सीधे ऊपर की तरफ वृद्धि करती हैं अत: इन्हें 'गुच्छा' या 'झुमका' किस्में कहते हैं। पिछले दो दशकों में राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लिये मूँगफली की विभिन्न प्रकृति-समूह की क्रमश: 22 एवं 12 किस्मों की अनुशंसा खरीफ/वर्षा और ग्रीष्म ऋतु के लिए की गई हैं। वानस्पतिक समूह के आधार पर राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लिए अनुशंसित किस्में निम्नलिखित हैं।

## राजस्थान के लिए मूँगफली की अनुशंसित उन्नत किस्में नीचे दी गई हैं।

| खरीफ/वर्षा ऋतु के लिए उपयुक्त वर्जिनिया रनर और वर्जिनिया बंच किस्में | | खरीफ/वर्षा और ग्रीष्म ऋतु के लिए उपयुक्त स्पेनिश बंच किस्में | |
|---|---|---|---|
| वर्जिनिया रनर (फैलने वाली या विस्तारी) | वर्जिनिया बंच (अर्द्ध फैलने वाली या अर्द्ध विस्तारी) | खरीफ/वर्षा ऋतु किस्में (गुच्छा/झुमका) | ग्रीष्म ऋतु किस्में (गुच्छा/झुमका) |
| जीजी-14 (जेएसपी -28),उत्कर्ष (सीएसएमजी-9510) दुर्गा (आरजी -382) दिव्या (सीएसएमजी-2003-19) राज मूँगफली-1 (आरजी -510) | एचएनजी-10<br>प्रकाश (सीएसएमजी-884)<br>मंजरा (एलजीएन-2)<br>जीजी-21 (जेएसएसपी-15)<br>टीबीजी-39 (टीजी -39)<br>गिरनार-2 (पीबीएस-24030),<br>मल्लिका | जीजी-7 (जे-38)<br>टीजी-37ए<br>प्रताप मूँगफली-1 (आईसीयूजी-92035)<br>प्रताप मूँगफली-2 (आईसीयूजी-92195)<br>जेएल-501 | टीजी-37ए<br>प्रुथा (डीएच -86) |
| (आईसीएचजी-00440), एचएनजी -69, राज दुर्गा (आरजी-425), एचएनजी-123, राज मूँगफली-3 (आरजी -559-3) | | | |

## उत्तर प्रदेश के लिए मूँगफली की अनुशंसित उन्नत किस्में नीचे दी गई हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीजी-14<br>उत्कर्ष<br>दिव्या | एचएनजी-10, प्रकाश<br>जीजी-21, गिरनार-2<br>एचएनजी -69,<br>एचएनजी-123, मल्लिका | टीजी-37ए | टीजी-37 ए<br>प्रुथा (डीएच -86) |




| किस्म | जीजी-14 (जेएसपी -28) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2003 |
| उदभव केंद्र | जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | उत्तरी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा |
| फली एवं दाना उपज | 2159 और 1403 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 52% |
| पकने की अवधि | 123-125 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फली में हल्का संकुचन पाया जाता है, तथा बीजावरण गुलाबी होता है। इसके दानों में उच्च तेल की मात्रा होती है। यह किस्म थ्रिप्स, तम्बाकू लट, व पर्ण सुरंगक के प्रति सहिष्णु है।



| | |
|---|---|
| किस्म | उत्कर्ष (सीएसएमजी-9510) |
| विमोचन वर्ष | 2005 |
| उदभव केंद्र | चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मैनपुरी |
| अनुशंसित क्षेत्र | उत्तरी राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश |
| फली एवं दाना उपज | 2192 और 1447 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49% |
| पकने की अवधि | 125-130 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फली में मध्यम संकुचन, तथा इसका बीजावरण गुलाबी होता है। इस किस्म में 40-45 दिनों के लिए ताज़ा बीज सुप्तावस्था भी पायी जाती है।



| | |
|---|---|
| किस्म | दुर्गा (आरजी-382) |
| विमोचन वर्ष | 2005 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, दुर्गापुरा |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान |
| फली एवं दाना उपज | 2203 और 1410 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 50% |
| पकने की अवधि | 127-132 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फलियाँ द्वी-बीजीय तथा बीजावरण लाल-गुलाबी होता है। यह किस्म रेतीली व दोमट मिट्टी के लिए उपयुक्त है, तथा थ्रिप्स, जैसिड, व पर्ण सुरंगक के लिए प्रतिरोधकता पायी जाती है।



| | |
|---|---|
| किस्म | दिव्या (सीएसएमजी-2003-19) |
| विमोचन वर्ष | 2011 |
| उदभव केंद्र | चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मैनपुरी |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान और उत्तर प्रदेश |
| फली एवं दाना उपज | 2757 और 1792 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49% |
| पकने की अवधि | 128-132 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फलियों में मध्यम संकुचन एवं प्रचंड जालिकायन, तथा बीजावरण गुलाबी होता है। यह किस्म पीबीएनडी के प्रति सहिष्णु है।



| | |
|---|---|
| किस्म | राज मूँगफली-1 (आरजी -510) |
| विमोचन वर्ष | 2012 |
| उदभव केंद्र | स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, दुर्गापुरा |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान और पंजाब |
| फली एवं दाना उपज | 2558 और 1739 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49% |
| पकने की अवधि | 130-138 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फलियों में मध्यम संकुचन एवं जालिकायन, तथा बीजावरण गुलाबी होता है। इसके सौ दानों का वजन 76ग्राम है ।यह किस्म ग्रीवा विगलन, तना विगलन एवं पत्ती चित्ती रोग के लिए सहिष्णु है ।



| किस्म | एचएनजी-10 |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 1998 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा |
| फली एवं दाना उपज | 1918 और 1362 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 51% |
| पकने की अवधि | 125-130 दिवस |

मुख्य लक्षण : फली के दाने मध्यम और लम्बाकार होते हैं, बीजावरण गुलाबी होता है। इसकी फली में दानों का अनुपात 71% है।




| किस्म | प्रकाश (सीएसएमजी-884) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 1999 |
| उदभव केंद्र | चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मैनपुरी |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब |
| फली एवं दाना उपज | 2281 और 1528 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49% |
| पकने की अवधि | 115-125 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसके दाने मध्यम, लम्बाकार, सुडौल तथा गुलाबी रंग के होते है। इसकी फली-चोंच प्रचंड होती है।




| किस्म | मंजरा (एलजीएन-2) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2000 |
| उदभव केंद्र | मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय, लातूर |
| अनुशंसित क्षेत्र | दक्षिणी राजस्थान और गुजरात |
| फली एवं दाना उपज | 1750 और 1208 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49% |
| पकने की अवधि | 115-120 दिवस |

मुख्य लक्षण : यह किस्म वर्षाधारित परिस्थितियों में जल्दी बुवाई के लिए उपयुक्त है।



| किस्म | जीजी-21 (जेएसएसपी-15) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2005 |
| उदभव केंद्र | जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | उत्तरी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब |
| फली एवं दाना उपज | 1843 और 1180 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 53% |
| पकने की अवधि | 123-125 दिवस |

मुख्य लक्षण : द्वि-बीजीय फलियाँ तथा फलियों में संकुचन एवं मध्यम जालिकायन होती है। इसके दाने में तेल की मात्रा ज्यादा पाई जाती है।




| | |
|---|---|
| किस्म | टीबीजी-39 (टीजी-39) |
| विमोचन वर्ष | 2007 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान |
| फली एवं दाना उपज | 3154 और 2050 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 50% |
| पकने की अवधि | 118-120 दिवस |

मुख्य लक्षण : यह किस्म अर्ध-बौनी तथा बड़े दाने वाली है, इसके सौ दानों का वजन लगभग 67 ग्राम है।



| | |
|---|---|
| किस्म | गिरनार-2 (पीबीएस-24030) |
| विमोचन वर्ष | 2008 |
| उदभव केंद्र | राष्ट्रीय मूँगफली अनुसंधान केन्द्र, जूनागढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | उत्तरी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब |
| फली एवं दाना उपज | 2907 और 2006 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 51% |
| पकने की अवधि | 125-130 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फली में हल्का संकुचन एवं मध्यम जलिकायन, गुलाबी बीजावरण, यह पछेता पर्ण धब्बा, रतुआ, पीएसएनडी, और चूसक कीटों के प्रति सहिष्णु है, इसके सौ दानों का वजन 62 ग्राम है।




| | |
|---|---|
| किस्म | मल्लिका (आईसीएचजी-00440) |
| विमोचन वर्ष | 2009 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | संपूर्ण भारत |
| फली एवं दाना उपज | 2579 और 1754 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 48% |
| पकने की अवधि | 125-130 दिवस |

मुख्य लक्षण : दानें बड़े जिनका सौ दानों का वजन 73ग्राम है। इसकी फली में संकुचन एवं मध्यम जालिकायन होती है। इसका बीजावरण गुलाबी होता है। यह किस्म ग्रीवा विगलन एवं पीबीएनडी के प्रति प्रतिरोधी है।




| | |
|---|---|
| किस्म | एचएनजी -69 |
| विमोचन वर्ष | 2010 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | उत्तरी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब |
| फली एवं दाना उपज | 2800 और 1848 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 50% |
| पकने की अवधि | 130-134 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फली में हल्का संकुचन एवं मध्यम जालिकायन, तथा बीजावरण गुलाबी होता है। यह किस्म अगेती पर्ण धब्बा, ग्रीवा विगलन, और तना विगलन के प्रति सहिष्णु है।



| किस्म | राज दुर्गा (आरजी-425) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2011 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, दुर्गापुरा |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान |
| फली एवं दाना उपज | 1788 और 1252 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 50% |
| पकने की अवधि | 128-130 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फली में मध्यम संकुचन एवं प्रचंड जालिकायन पाया जाता है तथा इसका बीजावरण रंग-बिरंगा होता है। यह किस्म ग्रीवा विगलन रोग सहिष्णु है।



| किस्म | एचएनजी-123 |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2011 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, हनुमानगढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब |
| फली एवं दाना उपज | 2648 और 1774 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49% |
| पकने की अवधि | 122-126 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसकी फली में मध्यम संकुचन एवं जालिकायन होता है तथा बीजावरण नारंगी होता है। यह किस्म तम्बाकू लट के प्रति सहिष्णु है।




| किस्म | राज मूँगफली-3 (आरजी -559-3) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2016 |
| उदभव केंद्र | राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब |
| फली एवं दाना उपज | 3173 और 2201 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49.0% |
| पकने की अवधि | 125 दिवस |

मुख्य लक्षण : यह किस्म बड़े दाने वाली है, इसके सौ दानों का वजन 69 ग्राम है। इसके दानें समरूप हल्के गुलाबी बीजावरण वाले होते हैं। यह किस्म ग्रीवा विगलन के प्रति सहिष्णु है।



| किस्म | जीजी-7 (जे-38) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2001 |
| उदभव केंद्र | जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | दक्षिणी राजस्थान और गुजरात |
| फली एवं दाना उपज | 2149 और 1633 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49% |
| पकने की अवधि | 100-105 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसके दानें गुलाबी समरूप बीजावरण वाले होते हैं। यह किस्म जल्दी परिपक्वता के साथ पछेती पर्ण धब्बा के प्रति सहिष्णु है।



| किस्म | प्रताप मूँगफली -1 (आईसियूजी-92035) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2005 |
| उदभव केंद्र | महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान |
| फली एवं दाना उपज | 2500-3000 और 1550-1860 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 49-51% |
| पकने की अवधि | 105-108 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसका बीजावरण गुलाबी होता है। यह किस्म तम्बाकू लट, पर्ण सुरंगक व थ्रिप्स के प्रति सहिष्णु और अगेती व पछेती पर्ण धब्बा एवं पीबीएनडी के प्रति सहिष्णु है।



| किस्म | प्रताप मूँगफली -2 (आईसियूजी -92195) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2005 |
| उदभव केंद्र | महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान |
| फली एवं दाना उपज | 1800-2800 और 1242-1932 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 48-50% |
| पकने की अवधि | 105 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसका बीजावरण गुलाबी तथा यह किस्म अगेती व पछेती पर्ण धब्बा, पीबीएनडी, तम्बाकु लट, पर्ण सुरंगक एवं थ्रिप्स के प्रति सहिष्णु है।




| किस्म | जेएल-501 |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2010 |
| उदभव केंद्र | महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ, जलगाँव |
| अनुशंसित क्षेत्र | दक्षिणी राजस्थान और गुजरात |
| फली एवं दाना उपज | 1661 और 1105 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 48% |
| पकने की अवधि | 102-105 दिवस |

मुख्य लक्षण : बीजावरण हल्का गुलाबी, यह किस्म जल्दी परिपक्व होती है। इसके पौधे में सभी फलियाँ आधारीय गुच्छे में लगती है व इनका आकार मध्यम, हल्का संकुचन एवं जालिकायन उपस्थित होता है।



| किस्म | टीजी-37ए |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2004 |
| उदभव केंद्र | भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, ट्रॉम्बे |
| अनुशंसित क्षेत्र | राजस्थान, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और पूर्वोत्तर पहाड़ी राज्य |
| फली एवं दाना उपज | खरीफ/वर्षा (2084 और 1382 किग्रा/है.)<br>रबी-ग्रीष्म (2835 और 1903 किग्रा/है.) |
| तेल की मात्रा | 48% |
| पकने की अवधि | 110-115 दिवस |

मुख्य लक्षण : यह किस्म जल्दी परिपक्व एवं वर्षा सिंचित परिस्थिति के लिए उपयुक्त है और ग्रीवा विगलन के प्रति सहिष्णु है।




| किस्म | प्रुथा (डीएच-86) |
|---|---|
| विमोचन वर्ष | 2005 |
| उदभव केंद्र | कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़ |
| अनुशंसित क्षेत्र | दक्षिणी राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और ओडिशा |
| फली एवं दाना उपज | 4022 और 2735 किग्रा/है. |
| तेल की मात्रा | 48% |
| पकने की अवधि | 115-120 दिवस |

मुख्य लक्षण : इसका बीजावरण गुलाबी रंग का होता है यह किस्म अर्ध-बौनी, उच्च ऊपज सूचकांक तथा चूसक कीटों एवं पछेती पर्ण-धब्बा के लिए सहिष्णु है।

स्रोत: Rathnakumar AL, Ranvir Singh, Parmar DL and Misra JB (2013). Groundnut: a crop profile and compendium of notified varieties of India, Directorate of Groundnut Research, P.B.No.5, Junagadh-362001, Gujarat, India. pp118.

तालिका 2: राजस्थान और उत्तर प्रदेश के लिए अनुशंसित किस्मों के बीज उपलब्धता के स्रोत

| क्र. | किस्म | पता |
|---|---|---|
| 1 | गिरनार-2<br>(पीबीएस-24030) | निदेशक, भाकृअनुप-मूँगफली अनुसंधान निदेशालय, ईवनगर मार्ग, पो.बो.न. 5, जूनागढ़-362 001, गुजरात,<br>फोन: 2673382, 2672461,फेक्स: 0285-2672550 |
| 2 | जीजी-14, जीजी-21<br>जीजी -7 (जे-38) | नोडल अधिकारी, (मेगा बीज परियोजना), जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय, जूनागढ़-362 001, गुजरात ।<br>फोन: (O) 0285-2675070, 2672080-90,<br>PBX-449 & 450 फेक्स: 0285-2672004<br><br>गुजरात राज्य बीज निगम लिमिटेड, बीज भवन, सेक्टर 10-A, गाँधीनगर-382010, गुजरात । फोन: 079-23256690,<br>फेक्स: 079 - 23256718 |
| 3 | एचएनजी-10, मल्लिका<br>(आईसीएचजी-00440)<br>एचएनजी-69<br>एचएनजी-123<br>टीबीजी-39 (टीजी-39)<br>दुर्गा (आरजी-382)<br>राज मूँगफली-1<br>(आरजी-510)<br>राज दुर्गा (आरजी -425)<br>राज मूँगफली-3<br>(आरजी -559-3)<br>प्रताप मूँगफली -1<br>(आईसीयूजी -92035)<br>प्रताप मूँगफली-2<br>(आईसीयूजी -92195) | सहायक अनुसंधान निदेशक (बीज), स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर-334 006 ।<br>फोन: 0151-2251513, 22540150,<br>फेक्स: 0151- 2250576, 2250336<br><br>निदेशक, राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर-302 018, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर ।<br>फोन: 0141-2550229<br><br>सहायक निदेशक (बीज और फार्म), महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर-313 001<br>फोन: 0294-2420154, फेक्स: 0294-2420154, 2420447<br><br>राजस्थान राज्य बीज निगम लिमिटेड, तीसरी मंजिल, पन्त कृषि भवन, जनपथ, जयपुर-302005, राजस्थान । फोन: 0141-2227514, 5117034, फेक्स :- 0141-5105069,2227147 |

| क्र. | किस्म | पता |
|---|---|---|
| 4 | दिव्या (सीएसएमजी - 2003-19)<br>उत्कर्ष (सीएसएमजी -9510)<br>प्रकाश (सीएसएमजी -884) | नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय बीज परियोजना), चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय, कानपूर-208002, उत्तर प्रदेश । फोन: 0512-2533925, 2294641 फेक्स: 0512-2533808<br><br>यूपी बीज और तराई विकास निगम लिमिटेड, पंतनगर पोस्ट- हल्दी, जिला- उधम सिंह नगर-263146, उत्तराखण्ड फोन: 05948-33595 फेक्स: 05948-33830 |
| 5 | जेएल -501<br>मंजरा (एलजीएन -2) | तैलीय अनुसंधान केंद्र, महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ, राहूरी-413722, महाराष्ट्र. फोन: 0257-2250888 फेक्स: 0257-2253228<br><br>तैलीय अनुसंधान केंद्र, लातूर, वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विश्वविद्यालय, फोन: 02452-220899, फेक्स: 02452-220899<br><br>महाराष्ट्र राज्य बीज निगम लिमिटेड<br>महाबीज भवन, कृषि नगर, अकोला-444 104, महाराष्ट्र<br>फोन: 0724 - 2455093, 2258480, फेक्स: 0724 - 2455187, 2455287 |
| 6 | टीजी-37A | भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, ट्रोम्बे-400 085,मुम्बई<br>फोन: 022-25505157, 25595490 फेक्स: 022-25505151 |
| 7 | प्रुथा (डीएच-86)<br>टीजी-37A | बीज निदेशक<br>कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़-580 005<br>फोन: 0836-2441884, 2741598, फेक्स: 91-0836-2741598<br><br>कर्नाटक राज्य बीज निगम लिमिटेड<br>बीज भवन, बेल्लारी रोड, हेब्बल, बेंगुलुरु - 560024<br>फोन: 080-23416953, 23411691, 23415652,<br>फेक्स: 080 - 23415895 |

संकलन : नरेन्द्र कुमार, ए. एल. रत्नकुमार, राधाकृष्णन टी., अजय बी. सी., ए. डी. मकवाणा एवं बी.एम. चिकानी

भाकृअनुप-बीज परियोजना के अंतर्गत प्रकाशित

:: हमसे संपर्क करें ::
निदेशक, भाकृअनुप-मूँगफली अनुसंधान निदेशालय
पोस्ट बॉक्स 05, ईवनगर रोड़, जूनागढ़- 362 001, गुजरात, भारत
वेबसाइट: www.dgr.org.in, ईमेल: director@dgr.org.in
फोन: (+91) 0285-2673382, फेक्स: (+91) 0285-2672550